# HIMACHAL PRADESH
# JICA AGRICULTURE PROJECT

## DAILY DIARY

## HAMIRPUR: 25 MARCH, 2026

## शिटाके मशरूम खेती पर 6-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित
## "शिटाके खेती– आय बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम"

शिटाके खेती एवं प्रशिक्षण केंद्र, पालमपुर द्वारा हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-II के अंतर्गत 18 से 23 मार्च, 2026 तक 6-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 37 किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस प्रशिक्षण में किसानों को शिटाके मशरूम के महत्व, औषधीय गुणों और वैज्ञानिक खेती तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही, 'रेडी-टू-फ्रूट' (RTF) ब्लॉकों के प्रबंधन, कोल्ड वॉटर शॉक ट्रीटमेंट, पॉलीहाउस प्रबंधन, कटाई, ग्रेडिंग और रोग-कीट नियंत्रण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिटाके की खेती के माध्यम से आय बढ़ाने के नए अवसरों के बारे में जाना।

कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि कटाई-पश्चात प्रबंधन (Post-Harvest Management) पर 2-दिवसीय प्रशिक्षण 24–25 मार्च, 2026 को आयोजित किया जाएगा।